<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर देशवासियों से की मन की बात, कहा– पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षडयंत्रकारियों को दिया जाएगा कठोरतम जवाब।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ जिलों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा भी की।
- नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के नगर निकायों के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की, तीस मई से पहले नाले नालियों की सफाई का दिया निर्देश।
- प्रदेश में कुछ स्थानों पर कल शाम से बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी के बीच हुई बूंदाबांदी और बारिश।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कल श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

***जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल–कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी। देश के दुश्मनों को, जम्मू–कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया। आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में एक सौ चालीस करोड भारतीयों की एकता और एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत है।

***आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।***

श्री मोदी ने कहा कि आतंकी हमले के बाद से पूरी दुनिया से संवेदना संदेश प्राप्त हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने डॉ. के० कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। पिछले महीने म्यांमा में आए भूकंप का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने राहत और बचाव कार्यों के लिए तत्काल ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया था।

श्री मोदी ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

***सचेत ऐप', भारत की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी ने तैयार किया है। बाढ़, साइक्लोन, लैंड–स्लाइड, सुनामी, जंगलों की आग, हिम–स्खलन, आंधी, तूफान या फिर बिजली गिरने जैसी आपदाएं हो, 'सचेत ऐप' आपको हर प्रकार से इन्फॉर्म्ड और प्रोटेक्टेड रखने का प्रयास करता है। इस ऐप के माध्यम से आप मौसम विभाग से जुड़े अपडेट्स प्राप्त कर सकते हैं। खास बात ये है कि 'सचेत ऐप' क्षेत्रीय भाषाओं में भी कई सारी जानकारियां उपलब्ध कराता है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए पेड़ जरूर लगाएं।

***एक साल में इस अभियान के तहत देशभर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। भारत की इस पहल को देखते हुए, देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए हैं। आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें, ताकि एक साल पूरा होने पर, अपनी भागीदारी पर आप गर्व कर सकें।***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की चर्चा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर इस अभियान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 'नयाभारत' पर्यावरण के क्षेत्र में भी दुनिया का पथ प्रदर्शक बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई के लिये कटिबद्ध है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ में गंगाएक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस–वे में से एक है। गंगा एक्सप्रेस–वे का काम नवंबर तक पूरा होना है।

***चार पैकेज में कार्य चल रहा है। इस पैकेज में जो अब तक 85 कार्य होना चाहिए था वह कॉम्प्लीट हो चुका है और यह तेजी के साथ बढ़ रहा है। 594 किलोमीटर पूरे गंगा एक्सप्रेस वे को नवम्बर तक कॉम्प्लीट करना है जिन संस्थाओं के साथ में उ0प्र0 शासन का एग्रीमेंट है उन्हें इस कार्य को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना है।***

इस दौरान उन्होंने साढ़े तीन किमी लंबी नवनिर्मित हवाई पट्टी का निरीक्षण भी किया। श्री योगी ने कहा कि एक्सप्रेस–वे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की हवाई पट्टी का भी निर्माण किया गया है।

हापुड़ में भी मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेस–वे और उसके किनारे तैयार होने वाले औद्योगिक गलियारे के कार्यों का निरीक्षण किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने कल शाम नई दिल्ली पहुंच कर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की।

**********

नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल लखनऊ में प्रदेश के नगर निकायों के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने बरसात को देखते हुए प्रदेश में सभी छोटे बड़े नाले–नालियों की सफाई तीस मई से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। एक रिपोर्ट...

(बाइट–ए.के. शर्मा)6

***नगर विकास मंत्री ने बनारस, अलीगढ़, अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर, मथुरा, कानपुर नगर के नगर आयुक्तों से सीधे संवाद कर साफ–सफाई, स्वच्छता और सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देने, नगरीय क्षेत्र की सड़कों की हालात को बेहतर बनाने तथा सभी नाले नालियों की समय से सफाई करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को नगरों में चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा कल गोरखपुर के दौरे पर भी रहे। इस अवसर पर भाजपा की तरफ से आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव विषयक प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से समय और संसाधनों की बचत होगी और इससे विकास प्रक्रिया को गति मिलेगी।

**********

पीएम स्वनिधि योजना के तहत तय लक्ष्य से अधिक उन्नीस लाख बानबे हजार रेहड़ी–पटरी वालों को योजना का लाभ पहुंचाकर प्रदेश ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। पीएम स्वनिधि योजना कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक तंगी झेल रहे स्ट्रीट वेंडर्स को सहायता देने के लिये शुरू की गयी थी। इस योजना में रेहड़ी–पटरी कारोबारियों को बिना गारंटी के लोन देने की व्यवस्था है। यूपी स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश इस योजना को लागू करने में पूरे देश में नम्बर वन बन गया है।

**********

प्रदेश में कल शाम मौसम मिजाज बदल गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले समेत कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश और बूंदाबांदी हुई। विभाग ने दो मई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अंचल में आज से लेकर तीस अप्रैल के बीच तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भी बूंदाबांदी, बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

**********

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एन्टरटेनमेंट शिखर सम्मेलन–वेव्स–दो हजार पचीस पहली से चार मई तक मुंबई में आयोजित होगा। शिखर सम्मेलन में भारत मंडप में देश की विरासत और वैश्विक मीडिया तथा मनोरंजन परिदृश्य के बढ़ते प्रभाव का प्रदर्शन होगा।

**********

आईपीएल क्रिकेट में कल रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को चौवन रनों से हरा दिया। दो सौ सोलह रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की टीम एक सौ इकसठ रन ही बना सकी।

**********